Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)
(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 05-04-2022 | अंक 188

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## संपादकीय

## रूस यूक्रेन युद्ध---पुतिन को युद्ध अपराधी करार देने चाहिए



डॉ अनिल कुमार

आज सभ्य समाज मे राष्ट्रपति पुतिन की फौज जिस तरह से यूक्रेन में नरसंहार कर रही है वो दूसरे विश्व युद्ध मे हिटलर के द्वारा किये गए नरसंहार की याद दिला रही है जहाँ लाखों युद्ध बंदियों को गैस चौम्बर और कंसंट्रेशन कैम्प में दर्दनाक मौत मरने के लिए मजबूर किया गया था। आज पुतिन के क्रूर चेचन लड़ाको ने उक्रेन के बूचा शहर में निर्दोष नागरिको का कत्लेआम किया ,यातना दे कर मार डाला महिलाओं के साथ बलात्कार करके उनके निजी अंगों को काट कर मौत के घाट उतार दिया ,यह मानवता के प्रति एक क्रूर अपराध है और रूस के राष्ट्रपति पुतिन को युद्ध अपराधी घोषित करना अमेरिका की जायज मांग है क्योंकि पुतिन को मालूम था कि चेचन लड़ाके बहुत ही क्रूर जेहादी सैनिक हैं और पूरे विश्व मे ये कुख्यात हैं,यह जानते हुए भी पुतिन ने इन्हें यूक्रेन के सरजमीं पर उतारा। हमारे देश के साथ रूस के साथ बहुत अच्छे संबंध है लेकिन इसका ये कतई मतलब नही होना चाहिये कि पुतिन को युद्ध अपराधी घोषित करने के वैशविक प्रयास का विरोध किया जाए। 40 दिनों से जारी तानाशाह पुतिन के अहंकार और ज़िद्द ने इस युद्ध में न सिर्फ उक्रेन को युद्ध मे बर्बाद कर दिया बल्कि पूरे विश्व को परमाणु युद्ध के कगार पर खड़ा कर दिया है। पुतिन चेचन लड़ाको के द्वारा किये गए कत्लेआम की वजह से नरसंहार के दोषी तो हैं ही।इतिहास भी पुतिन को क्रूर,जिद्दी और अहंकारी शासक के रूप में याद रखेगी

## विषपान से महिला गंभीर, रेफर



चंदवारा प्रखंड अंतर्गत चंदवारा निवासी सुभाष भुइयां की पत्नी मीरा देवी उम्र 24 वर्ष ने विषपान कर लिया। जानकारी मिलने पर परिजनों ने उन्हे बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया।

## बाइक टक्कर में एक घायल



बरही थाना अंतर्गत कोनरा निवासी मेराज उम्र 16 वर्ष सड़क दुर्घटना में घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार घायल युवक अपने बाइक से बरही की और आ रहा था। इसी क्रम में बरही थाना के पास आपस में दो बाइक टकरा गई, जिसमे वह घायल हो गया। हालाकि आस पास के लोगो के सहयोग से उन्हे अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसका प्राथमिक उपचार किया गया।

# बरही में हुआ रिलायंस स्मार्ट प्वाइंट का उद्घटना, पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव हुए शामिल

अपेम लाइव : बरही
सोनु पंडित




उद्घाटन में समारोह शामिल अतिथि गण

बरही धनबाद रोड में स्थित डीवीसी के समीप रिलायंस स्मार्ट प्वाइंट का उद्घाटन मंगलवार को किया गया। जिसका उद्घाटन बरही विधानसभा के पूर्व विधायक मनोज कु यादव, मकान मालकिन ललिता चौरसिया, बरही सीओ सह बीडीओ अर. विंद देवाशीस टोप्पो, डॉ अनिल कुमार, डॉ प्रकाश ज्ञानी, कोबरा 203 वाहिनी के सब इंस्पेक्टर पंकज कुमार यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर एवं भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रमंडल प्रभारी किशुन यादव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। वहीं पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने बताया कि इस मॉल के खुलने से बरही के ग्रामीणों को राहत मिलेगी जैसे ब्रांडेड कपड़े, जुत्ते, चप्पल, पॉकेट वाला कि. राना समान एवं इलेक्ट्रॉनिक सामान जैसी चीजें यहां आस पास के ग्रामीण बिना समय गंवाए खरीद पाएंगे जिससे ग्राहकों के समय में बचत होगा। साथ ही साथ उन्होंने कहा की शॉपिंग मॉल हो या मार्केट खरीदारी के चक्कर में अच्छी खासी वाक हो जाती है। जिससे बॉडी का स्ट्रेंथ भी बढ़ती है। इसके लिए मॉल की शॉपिंग एक बेहतर विकल्प है क्योंकि चाहे शर्दी हो या फिर गर्मी मॉल के टेंप्रेचर में कोई बदलाव नहीं होता है। वहां आप आराम से जाकर शॉपिंग कर सकते है। मौके पर भाजपा युवा नेता रितेश गुप्ता, आकाश जयसवाल, राजकुमार यादव, अशोक यादव, मनोज कुमार, गुरुदेव गुप्ता एवं दर्जनों लोग मौजूद थे।

# बरही में शांतिपूर्ण तरीके से निकाला गया मंगला जुलूस, जय श्री राम के नारों से गूंजा बरही

अपेम लाइव : बरही
सोनु पंडित



मंगला जुलुश में शामिल पुर्व विधरयक व अन्य

बरही में मंगलवार संध्या 5 बजे शांतिपूर्ण तरीके ढोल एवं ताशा के साथ शांतिपूर्ण तरीके से मंगला जुलूस निकाला गया। मंगला जुलुश का नेतृत्व रामनवमी पूजा महासमिति के अध्यक्ष रमेश ठाकुर एवं महासचिव अमित साहू ने किया। पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव भी जुलुश में शामिल होकर रामभक्तों का हौसला बढ़ाया। उक्त जुलुश बरही रामनवमी महासमिति के देख रेख में निकाला गया। जुलुश को देखते हुए बरही एसडीपीओ नाजिर अख्तर, बरही सीओ सह बीडीओ अर. विंद देवाशीष टोप्पो ने अपने जवानों के साथ मोर्चा संभाला। साथ ही शान्ति पूर्वक जुलुश को सम्पन्न कराया। मंगला जुलूस निकलने पर श्रीराम के भक्तो में काफी खुशियां देखने को मिली, विदित हो की पिछले दो वर्षो से कोरोना के कारण मंगला जुलूस एवं रामनवमी पूजा में जुलूस नही निकाला गया था जिसको लेकर रामभक्तो में काफी निराशा थी ।लेकिन इस बार सभी अखाड़ों से पूजा अर्चना कर नगर भ्रमण किया गया। मंगला जुलूस निकलने पर बरही के बच्चे, बूढ़े एवं जवान जुलूस में शामिल होकर काफी उत्साहित थे। मंगला जुलूस में कुल बरही के 6 अखाड़ा के राम भक्त शामिल हुए। जिसमे महावीर मंडल अखाड़ा, भगवती मंदिर अखाड़ा, हनुमान अखाड़ा, अंजनी अखाड़ा, श्री राम अखाड़ा एवं बजरंग अखाड़ा के भक्त के भक्तगण शामिल थे। मौके पर रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष रमेश ठाकुर, सिकंदर राणा, भूपेंद्र यादव, कुणाल कतरियार, रितेश गुप्ता, सुनील कुमार साहू, अमित कुमार साहू, अमित कुमार, पिंटू सिंह, पंकज केशरी, मुन्ना यादव एवं हजारों श्रद्धालु शामिल थे।

APEM LIVE

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## डिवाइन पब्लिक स्कूल में सत्ररू2021-22 के बच्चों को पुरस्कृत किया




**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**

बरकट्ठा प्रखंड अंतर्गत सीबीएसई से प्लस टू तक मान्यता प्राप्त डिवाइन पब्लिक स्कूल में पिछले सत्र 2021-2022 में कक्षा नर्सरी से नवम तक के उत्कृट परिणाम लाने वालो बच्चों को सम्मानित किया गया इस कड़ी में प्रथम,द्वितीय व तृतीय रैंक के बच्चों को अभिभावकों की उपस्थिति में पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय प्राचार्य कमलेश कुमार ने बच्चों को उनकी सफलता के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दी। साथ ही अन्य बच्चें जो प्रथम,द्वितीय व तृतीय रैंक नही पा पाए, उन सभी को हताश न होकर ज्यादा से ज्यादा मेहनत करने की प्रेरणा दी ।अभिभावकों ने अपने बच्चों के ससथ साथ स्वयं भी सम्मान पाने हेतु विद्यालय के प्रति धन्यवाद प्रकट किया। प्रथम,द्वितीय, तृतीय रैंक से सम्मानित होने वाले बच्चों में कक्षा नर्सरी से प्रेम कुमार,आयुष कुमार,पीयूष राज, कक्षा-एल.के.जी से शिवांशु कुमार राणा,मधुसूदन कुमार राणा,सौरव कुमार राणा, कक्षा-यु.के.जी से पार्थ कुमार तिवारी,आर्यन कुमार,अभिजीत कुमार, कक्षा-1 से अदिति गुप्ता,साजिया प्रवीण,निशा कुमारी,प्रियांशी कुमारी, दिव्यांशी कुमारी,साक्षी कुमारी, कक्षा-2 से साची कुमारी,प्रशांत वर्मा,समीक्षा राय, धीरज कुमार,बबली कुमारी,सोनू कुमार, कक्षा-3 से अमित कुमार,आरोही कुमारी,मो. निका कुमारी,रंजीत कुमार,गगन कुमार साव,सोनम कुमारी,पंकज कुमार, कक्षा-4 से आर्या कुमारी,परी कुमारी,आरुषि सुमन,रामाय रंजन,विशाल कुमार,सोम्या भारती, टिंकू कुमार कक्षा-5 से सुधांशु कुमार,बादल कुमार,अश्विन राज,बादल कुमार,इच्छा राज,रिया कुमारी,कक्षा-6 से सौरव कुमार,शिवम कुमार,सत्यम कुमार, निकिता कुमारी,राजेश कुमार,अनीश कुमार, कक्षा-7 से करण कुमार, भूमिका कुमारी,प्रियदर्शिनी वर्मा,जिया कुमारी,सागर कुमार,लकी कुमारी,सुजल कुमार, कक्षा-8 से पंकज शर्मा,रीता कुमारी,जुनैद इक़बाल, रोशन कुमार,श्रुति कुमारी,प्रमोद कुमार, कक्षा-9 से श्रेया गुप्ता, राजदीप कुमार,रूपेश यादव,रवि चौधरी, जावेद अनवर,अमर कुमार चौधरी, प्रियांशु कुमार,रोशन कुमार रहे ।इस मौके पर विद्यालय के निर्देशक,प्राचार्य,सभी शिक्षक,बच्चे व उनके अभिभावक उपस्थित रहें।

## नहाय खाय के साथ शुरू हुआ चार दिवसीय लोक आस्था का महापर्व चौती छठ

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**






लोक आस्था का महापर्व चौती छठ मंगलवार से नहाय खाय के साथ शुरू हुआ। चार दिनों तक चलने वाले इस महापर्व में छठ्व्रती नहाय खाय के साथ अपना विधि विधान शुरू किए। बुधवार को खरना किया जाएगा। गुरुवार को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। वही शुक्रवार को उगते हुए सूर्य के साथ महापर्व का समापन होगा। छठ्व्रती चौथे दिन अपना निर्जला उपवास तैडेगी। इस पर्व में स्वच्छता एवंम शुद्धता का विशेष ख्याल रखा जाता है। छठ्व्रती बरही में बरही नदी घाट एवं सूर्यमन्दिर नदी घाट में अर्घ्य देते है। पर्व को देखते हुए से छठ घाट की सफाई की जा रही है। साधनापुरी बरही में सुषमा देवी एवं शिव शंकर लाल के घर पर चौती छठ पूजा को लेकर बिशेष तैयारी की की गई है।

## रोड किनारे खडी ट्रेलर में लगी आग बडी हादसा टली

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**



बरकट्ठा : गोरहर थाना क्षेत्र अंतर्गत शिलाडीह स्थित सूर्यकुंड पेट्रोल पंप के समीप लाइन होटल किनारे खड़ी ट्रेलर में अचानक आग लग गई। आग लगने की सुचना लोंगो ने थाना प्रभारी राधा कुमारी को दी। थाना प्रभारी अपने दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार आग लगने का कारण श०ट शर्किट बताया जा रहा है। ट्रेलर संख्या जेएच 02 एएल 0215 की सिर्फ इंजन जल कर राख हो गई ।जबकि ट्राली में प्लाईवुड लोड था। जिसको प्रशासन और स्थानीय लोगों की मदद से बचा लिया गया। ट्रेलर गाड़ी बरही की ओर से चलकर बंगाल की ओर जा रही थी। की ड्राइवर अपनी वाहन को खडी कर होटल में खाना खाने गया था इसी बीच इंजन में शार्ट सर्किट से आग लग गई।

## रामनवमी के मौके सलैया से भव्य मंगला जुलुस का आयोजन



**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**

बरकट्ठा प्रखंड के ग्राम सलैया दुर्गा मंदिर परिसर से बजरंग दल एंव भीम सेना के द्वारा रामनवमी और भारतीय नव वर्ष के उपलक्ष्य में भगवा शोभा यात्रा निकाला गया बर्मा सलैया गगंपाचो डोडिया से लोग चलकर बरकट्ठा दुर्गा मंदिर के प्रांगण में सम्मिलित हुए दुर्गा मंदिर से बरकट्ठा थाना और डाकडीह होते हुए वापस दुर्गा मंदिर के प्रांगण में शोभा यात्रा को विसर्जन किया गया मुख्य रूप से बरकट्ठा के प्रमुख राम लखन मेहता ,मुखिया संघ अध्यक्ष बंसत साव,विश्व हिंदू परिषद अध्यक्ष संजय यादव संयोजक विनोद प्रसाद भाजपा ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र चौधरी ,समाजसेवी संतोष कुमार मंडल, मनोज सागर ,नागेश्वर दास, राजकुमार दास,रमेश यादव, अनिल साव,अजय दास, दिनेश भुईयां, उमेश भुइयां,पंकज मोदी, राज. कुमार राना, उमेश प्रसाद, सुनिल दास,राहुल दास,जितेन्द्र दास,लालु दास, प्रकाश ,प्रमोद दास, बादल भुइयां,ग्यानी भुइयां,की अध्यक्षता मे किया गया बजरंग दल के सभी साथी हाथ में भगवा ध्वज और जय श्री राम के जयकारा लगाते हुए कतार बद्ध तरीके से चल रहे थे लोगों में भगवान राम और श्री बजरंगबली के प्रति आस्था देखा गया सरकारी गाइडलाइन का पालन करते यह कार्यक्रम सफल हुआ बरकट्ठा थाना प्रभारी विक्रम सिंह अपनी टीम के साथ जुलूस का लगातार म०निटरिंग कर रहे थे किसी तरह का कोई अप्रिय घटना ना हो इसके लिए मुस्तैद दिखे मौके पर रामजी मंडल, कुंज बिहारी प्रसाद संजय कुमार अशोक गुप्ता रामखेलावन यादव महेश मंडल रामेश्वर प्रसाद सोनू कुमार समेत बड़ी संख्या में बजरंग दल के समर्थक उपस्थित थे

## भाजपा का स्थापना दिवस कल, पूर्व विधायक ने लिया तैयारियों का जायजा

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**



भाजपा के प्रखण्ड कार्यालय चौपारण में मंडल अध्यक्ष मुकेश सिन्हा के अगुवाई व पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव के उपस्थिति में भाजपा के स्थापन दिवस को सफल बनाने के लिए बैठक आयोजित किया गया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष ने पार्टी द्वारा निर्धारित कार्यक्रम का विस्तृत जानकारी देते हुए बतलाया कि सुबह 7 बजे पार्टी कार्यकर्ता को चतरा मोड़ पहुँचाना है जहां से कार्यक्रम का शुरुवात होगा। 9 भाजपा कार्यालय चौपारण में बड़े स्क्रीन पर पीएम मोदी जी का सम्बोधन सुना जाएगा। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक ने कहा कि नवरात्र अपने अंतिम दिनों में है और हम सभी भाजपा कार्यकर्ता कोशिश करें कि हर घर मे भगवा झंडा लहरायें। पूर्व विधायक ने भाजपा कार्यकर्ताओं से कहा कि आप पार्टी के कार्यक्रमो में बढ़चढ़ कर हिस्सा ले। बैठक का सम्बोधन सांसद प्रतिनिधि अर्जुन साव, मुकुंद साव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश सहाय, मुखिया संघ अध्यक्ष राजदेव यादव, जीप सदस्य रामस्वरूप, भाजपा नेता अशोक ठाकुर आदि ने किया। मौके पर महामंत्री आशीष सिंह, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष आशीष गुप्ता, रंजन सिंह, मीडिया प्रभारी मुनेश्वर गुप्ता, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष राजकुमार यादव, बिनोद यादव, कृष्णा साव, मुखिया बिनोद सिंह, पप्पू रजक, मोहन साव, प्रतिनिधि बिरेन्द्र रजक, अरविंद सिन्हा, भाजपा नेता बलराम दाँगी, अशोक गुप्ता, अशोक ठाकुर, अशोक केशरी, सतेंद्र सिंह, सुनील सिंह, सियाराम सिंह, संदीप सिंह, ओंकार सिंह, संतोष पासवान, मोहन भुइयाँ, रामचन्द्र सिंह, राम सिंह, तापेश्वर ठाकुर, राकेश रंजन, सुरेंद्र पांडेय, अजित सिंह, योगेन्द्र कुमार, प्रदीप केशरी, सागर केशरी, सुदीप सिंह सहित दर्जनों भाजपा कायकर्ता मौजुद थे ।

APEM
LIVE

APEM
LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## RAINBOW SCHOOL BARHI

RAINBOW SCHOOL BARHI

UID NO. 20040117202

Shivpur (Gadlahi), Barhi, Hazaribag

Contact Number- 8210966457,8863095445

(A Better Educated Generation, A Better Future For Our Nation)


ADMISSION OPEN NOW




Built a Bright Future for Your Child. Give Your Child Education of Heart & Soul

### SALIENT FEATURES

- C.B.S.E. Pattern based Education (Upto Xth Class)
- Eco Friendly Environment
- Admission through Entrance Exam
- Highly Experienced & Qualified Teachers and Staff
- Beautifully Aesthetically Designed Campus
- Stress Free & Pollution Free Environment
- Smart Classes, Computer Lab
- Project Based learning Music and Dance room
- Indoor & Outdoor Games and Sports Facilities
- Counselling Programs For Students & Parents
- Preparation & Remedial classes for Extra Support
- Whole Campus under CCTV Surveillance
- Transport Facility available
- School offers scholarship to meritious students
- R.O. Purified water facility
- Well Stocked Library
- Separate Common room (Toilet) Facilities for Boys & Girls
- Sufficient & Airy Classrooms
- Remedial Classes for Co-Curricular Activities
- Well Organised Programs on 26th Jan & 15th Aug.
- Celebration of "Saraswati Puja" with great Enthusiam
- Regular Organised Exams Periodically
- Facilated with Medical Kit, Sports Goods & P.T. Drum









इस प्रकार की शिक्षा प्रणाली का विकास करना हैं, जिसके द्वारा ऐसी युवा पीढ़ी का निर्माण हो सके जो राष्ट्रभक्ति से ओत–प्रोत हो, शारीरिक, प्राणिक, मानसिक, बौद्धिक दृष्टि से पूर्ण विकसित हो तथा जो जीवन की चुनौतियों का सामना सफलतापूर्वक कर सके, उसका जीवन अन्य लोगों को शोषण एवं अन्याय से मुक्त कराकर राष्ट्र जीवन को समरस, सुसंपन्न एवं सुसंस्कृत बनाने के लिए समर्पित हो।

——— डायरेक्टर (सिकंदर प्र० कुशवाहा) की कलम से



वादा नहीं विकास करेंगे...

जन-जन का सम्मान करेंगे...

बरही पश्चिमी से

पंचायत समिति प्रत्याशी पद हेतु

युवा, कर्मठ, जुझारू एवं ईमानदार

उम्मीदवार

## कपिल प्रसाद केशरी

को अपना बहुमूल्य

मतदान देकर भारी मतों से

विजयी बनाएं...!

सोच हमारी

विकास आपका



कपिल प्रसाद केशरी भावी पंचायत समिति प्रत्याशी, बरही पश्चिमी

## CHILDREN PROGRESSIVE SCHOOL

CHILDREN PROGRESSIVE SCHOOL PURHARA

विद्या ददाति विनयम्

Based on C.B.S.E & J.A.C Both Curriculum

CLASS : Nusery to VIIIth.

For Children's bright future.

(बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए)

नामांकन जारी है।

Our facilities :-

- नवोदय, नेतरहाट एवं सैनिक स्कूल की तैयारी।
- योग्य एवं अनुभवी शिक्षकों द्वारा कक्षा का संचालन।
- बच्चों को अंग्रेजी भाषा पर विशेष ध्यान।
- कमजोर बच्चों पर अलग से विशेष ध्यान।
- संगीत, नृत्य एवं खेल कूद की व्यवस्था।
- व्यक्तित्व विकास एवं चरित्र निर्माण पर विशेष ध्यान।
- कम्प्यूटर एवं आतायात की सुविधा।
- गरीब,असहाय एवं कमजोर वर्ग के बच्चों के लिए निः शुल्क शिक्षा की व्यवस्था।

इधर बच्चों की कुछ तस्वीर डाला दीजयेगा। (स्कूल जाने की अवस्था में)

Note: हमारे यहाँ कक्षा IXth और Xth का अनुभवी शिक्षकों द्वारा विशेष तयारी करवाई जाती है। |

Smart Classes की सुविधा।

AT – PURHARA (BAIRISAL) BARHI, HAZARIBAG (JHARKHAND)

Mob. 9973278122, 9199197021

जोश है, होश है, संकल्पों से यारी है



विकास,समृद्धि और खुशहाली की बारी है

## कुंती देवी

भावी जिला परिषद प्रत्याशी बरही पश्चिमी भाग (4)

तापेश्वर प्रसाद

सामाजिक कार्यकर्ता

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार | सहयोगीः सोनू पंडित | एडिटरः सोनू पंडित | मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

# विधायक ने किया भोंडो में पैक्स गोदाम का उद्घाटन

## बिचौलियों के प्रभाव में आकर सस्ते दरों में फसल न बेचें – उमाशंकर अकेला

**अपेम लाइव : चंदवारा**
**धीरज कुमार**




प्रखंड के भोंडो में राज्य योजनांतर्गत निर्मित पैक्स गोदाम सह कार्यालय भवन का उद्घाटन बरही विधायक सह झारखंड सरकार के निवेदन समिति के सभापति उमाशंकर अकेला के द्वारा किया गया। मौके पर उन्होंने कहा कि भोंडो में पैक्स गोदाम के निर्माण से यहाँ के किसानों को सु. विधा मिलेगी। उन्होंने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि बिचौलियों के प्रभाव में आकर अपनी फसल की उपज सस्ते दर में न बेचें। उन्होंने सरकार की योजनाओं का लाभ लेने की अपील किया। कार्यक्रम में जिला परिषद सदस्य अमृता सिंह, विधायक प्रतिनिधि राजकुमार यादव, मुखिया लालदेव साव, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद कुमार बरनवाल, विजय मोदी, वरुण यादव, कोलेश्वर साव, पैक्स अध्यक्ष मनोज शर्मा, अशोक सिंह, बिनोद यादव, दिगंबर साव, नन्दू पांडेय, मुन्ना शर्मा इत्यादि मौजूद थे।




# हवन-यज्ञ से वातावरण ही नहीं तन और मन भी शुद्ध होता है : डॉ रविन्द्र राय

**अपेम लाइव : सतगावां**
**संजीव कुमार**



हवन-यज्ञ वाले स्थान पर प्राणवायु की मात्रा भी बढ़ जाती है। हमारा देश ऋषि मुनियों का देश रहा है। वैदिक सभ्यता का आधार ही होम (हवन) है। ये...हवन-यज्ञ से वातावरण ही नहीं तन और मन भी शुद्ध हो जाता है। हवन-यज्ञ वाले स्थान पर प्राणवायु की मात्रा भी बढ़ जाती है। हमारा देश ऋषि मुनियों का देश रहा है। वैदिक सभ्यता का आधार ही होम (हवन) है। उक्त बातें सोमवार को कोडरमा के पूर्व सांसद सह हुडको के निदेशक डॉ० रविन्द्र राय ने सतगावाँ के मरचोई में चल रहे श्री श्री 1008 श्री रामचरित मानस सह हनुमत् प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ में अपने सम्बोधन में कहा। उल्लेखनीय है की मरचोई में 9 दिवसीय यज्ञ शनिवार से प्रारम्भ है। यज्ञ के तीसरे दिन डॉ राय शामिल होकर पहले यज्ञशाला में पहुंचे जहाँ यज्ञाचार्य ने विधिवत पूजा अर्चना किया। ततपश्चात यज्ञ देवता को प्रणाम कर नव. निर्मिति मंदिर का दर्शन किया। इस दौरान कथामंच पर पहुँच कर श्री मदभागवत का पूजा कर वृन्दावन के कथावाचक श्री योगेंद्र कृष्ण जी महाराज को माला अर्पित किया। महाराज जी व यज्ञ समिति के सदस्यों ने भी डॉ राय को माला व अंगवस्त्र देकर स्वागत किया। उसके उपरांत डॉ० राय ने राम कथा का रसपान भी किया।मौके पर यज्ञ समिति के बालमुकुंद सिंह, बालमुकुंद पाण्डेय, ब्रजनन्दन सिंह, सुधीर सिंह, रणजीत सिंह, मनीष सिंह, विकास पाण्डेय, अरुण सिंह, दिवाकर सिंह, संजीव कुमार, धीरज सिंह, श्रीकांत सिंह, सदानंद सिंह, मनोज चौधरी समेत हज़ारो की संख्या में श्रद्धालुओं ने यज्ञ के तीसरे दिवस पर रामजन्म कथा-प्रवचन के माध्यम से सुना। वहीं रासलीला मंडली ने माखनचोरी लीला के माध्यम से एक से एक बढ़कर जीवन्त झांकी दिखाया। जिसे देख दर्शकों ने झुमकर -नाचकर आंनद लिया।




# जंगली सुअर के हमले में दो व्यक्ति घायल

**अपेम लाइव : सतगावां**
**संजीव कुमार**




सतगावां थाना क्षेत्र के सुदूरवर्ती पंचायत कोठियार के ग्राम पचाने में जंगली सुअर के हमले में दो लोग घायल हो गये। घायलों में सात वर्षीय लालो कुमारी पिता कुलदीप राय व 65 वर्षीय भोजल राय पिता बद्री राय का नाम शामिल है। घायलों को गम्भीरावस्था स्थानीय चिकित्सकों के पास प्राथमिक उपचार के लिये भेजा गया। घटना की सूचना सतगावां थाना पुलिस को दी गई। जिस पर पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया गया। जहाँ डॉ पंकज कर्मकार के द्वारा उपचार किया गया। घटना के बाबत मिली जानकारी अनुसार पीड़ित व्यक्ति अपने अरहर के खेत में काम कर रहा था। इसी बीच जंगली सूअर ने हमला कर उन्हें घायल कर दिया।



# प्रखण्ड बीस सूत्री समिति की बैठक हुआ सम्पन्न

## सभी विभागों का बारी बारी से किया गया समीक्षा

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह,**



प्रखण्ड कार्यालय के सभा कक्ष में मंगलवार को बीस सूत्री समिति की बैठक बिससुत्री अध्यक्ष रामेश्वर यादव के अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ।बैठक में सभी विभाग के पदाधिकारी मौजूद थे।जिसमें सभी विभाग की समीक्षा बारी बारी से किया गया।बैठक में नया राशन कार्ड गरीबो के लिए बनाने एवं राशन कार्ड बनवाने में तेजी के लिए एम ओ को निर्देश दिया गया।वहीं प्रधानमंत्री आवासयो जना, पेंशन ,कल्याण विभाग,कृषि विभाग स्वास्थ्य विभाग एवं सहकारिता विभाग की समीक्षा किया गया।बताते चलें कि बीस सूत्री कमेटी के गठन के बाद प्रखण्ड में पहली बार बीस सूत्री कमेटी की बैठक हुआ।बैठक में कमेटी के सभी सदस्य उपस्थित हुए।उपाध्यक्ष रसीद अंसारी ने कहा कि पहली बार समिति की बैठक हुई जिससे सभी सदस्यों में खुशी देखी गई।बैठक में बी डी ओ हुलास महतो,अंचल निरीक्षक अमर लाल,प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी नवीन तिर्की, मंगलतिवारी, सत्यानन्द दुबे, आदि शामिल थे।

# अज्ञात व्यक्ति ने मुखिया प्रतिनिधि को फ़ोन कर दिया जान से मारने की धमकी, जांच में जुटी पुलिस

**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**




गावां थाना क्षेत्र के नगवां पंचायत के मुखिया सोनी खातून के पति मो0 मेरा. जुद्दीन को अज्ञात व्यक्ति ने फ़ोन कर सरेआम गोली मारने की धमकी दे दिया है। धमकी भरे क०ल के बाद मुखिया प्रतिनिधि समेत गावां पुलिस की नींद उड़ गई है। मुखिया प्रति. निधि ने गावां थाना में आवेदन देकर मामले की जानकारी दी है और मामले की जांच कर धमकी देने वाले को गिरफ्तार करने की मांग किया है। इस सं. बंध में मेराज उद्दीन ने बताया कि उसके पास एक नया नंबर से फ़ोन आया और सरेआम गोली मारकर हत्या करने की बात कही गयी। उसने कॉल कर कहा कि तुमने गलती किया है इसलिए तुम्हारे सामने आकर तुन्हें गोली मरेंगे। हालांकि मेराजुद्दीन ने कई बार उनसे नाम पूछने की कोसिस किये लेकिन उसने अपना नाम नही बताया और फ़ोन काट दिया। मुखिया प्रतिनिधि ने बताया कि क०ल काटने के बाद जब उसने उसी नंबर पर क०ल लगाया तो उधर किसी दूसरे व्यक्ति ने क०ल उठाया और कहा कि यह नंबर मुम्बई का है। कहा किसी अज्ञात व्यक्ति ने उससे फ़ोन मांगकर क०ल किया था। अब जानना ये है कि आखिर इस घटना में अक़ीक़त क्या है। इधर गावां थाना प्रभारी पिंटू कुमार ने कहा है कि मामले को संज्ञान में ले लिया गया है और जांच की जा रही है। जांचोपरांत उचित कार्यवाई की जाएगी।

# पक्षियों के संरक्षण का संकल्प ले अभाविप ने शुरू किया सेव बर्डस अभियान

**अपेम लाइवः गिरिडिह**
**रोहित कुमार**





गिरिडीह में आग बरसाती गर्मी को देखते हुए गिरिडीह के मोदी समाज के युवाओं ने मंगलवार से पक्षियों को सरक्षण देने के लिए अपने-अपने घरों की छतों पर बालकानी में दाने और पानी को व्यवस्था की और पक्षियों को संरक्षण देने का संकल्प लिया। अभियान का नेतृत्व कर रहे अभाविप के गिरिडीह लोगों से अपील है कि अपने घरों को छतों व आ. सपास पेड़ों पर मटके, बर्तन आदि में पानी भरकर और किसी अन्यसपात्र में दाना रख दें और पक्षियों की जान बचा कर सरंक्षण दें, क्योंकि पक्षी, जीव व जंतु मनुष्य के जीवन का हिस्सा है। इनकी रक्षा करना मनुष्य का कर्तव्य है। तो इन पशु पक्षियों का भी हमें ध्यान रखना चाहिए। इस अभियान में अभाविप के सक्रिय कार्यकर्ता रोहित मोदी, सागर मोदी,आशु मोदी,मोहन मोदी,मनीषा मोदी है ।

# S-D पब्लिक स्कूल गादी लेदा में परीक्षा फल जारी किया गया

**अपेम लाइव : गिरिडीह**
**प्रमोद कुमार गुप्ता**



5 अप्रैल 2022 को एस डी पब्लिक स्कूल गादी , गिरीडीह में सत्र 2021-22 परीक्षाफल जारी किया गया । जिसमें विद्यालय के छात्र -छात्राओं अभिभावकों एवम शिक्षकों ने भारी संख्या में बढ़ चढ़कर भाग लिया । आज के कार्यक्रम में नर्सरी से अष्टम के बच्चों में फर्स्ट , सेकंड और थर्ड के रिजल्ट कार्ड के साथ -साथ पुरस्कार वितरण भी किया गया । जिसमें बच्चे काफ़ी उत्साहित रहें । इस एनुअल समारोह में रमेश कुमार वर्मा -76.5% , दीपक कुमार -76.75% ,पप्पु कुमार - 81% ,अजित कुमार -65.125% ,रीता कुमारी -63.375%, सोनम कुमारी -74.25% ,फुल कुमारी -77.69% , संध्या कुमारी -67.77 % , सौरव कुमार -76.88% के साथ अपने -अपने वर्ग में अव्वल रहें । कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य -विकास वर्मा , शिक्षक :- नरेश चौधरी , हीरालाल वर्मा ,मेहबूब अंसारी , शिवशंकर वर्मा ,अभिभावक :- अनूप कुमार , दुलार सिंह , सावित्री देवी के साथ साथ अन्य उपस्थित थे । कार्यक्रम का संचालन प्रधानाध्यापक और धन्यवाद ज्ञापन हीरालाल वर्मा ने नए सत्र के शुभकामनाएं के साथ किया ।

# बिरनी :-अप्रैल शुरू होते ही सताने लगी गर्मी तापमान पहुचा 38 डिग्री के पार

## दोपहर में गाँव के सड़क हो जाते हैं। सन्नाटा रोजेदारों को सती रही है गर्मी

**अपेम लाइव : बिरनी**
**सब्बा अहमद**





अप्रैल शुरू होते ही भीषण गर्मी की वजह से लोगों का हाल बेहाल हैं। इन दिनों तापमान 38 के पार पहुंच गया है। रविवार दोपहर के समय तापमान 38 डिग्री के पार रहा। इससे शहर और गांवों की सड़कों पर सन्नाटा दिख रहा है। गर्मी से बचने के लिए लोग ठंडा पेय पीते दिखाई दिए तो कहीं कोई छांव ढूंढते नजर आए। सुबह से ही भगवान भस्कर अपनी तेवर दिखा रहे है। सुबह से सूर्य आ. समान से आग उगल रही थी। इसके तल्ख तेवर से आमलोगों के साथ माहे रमज़ान के रोजेदारों को भी परेशानी हुई। तापमान में लगातार वृद्धि दर्ज होने से दिन व रात में गर्मी लोगों को परेशान कर रही है। दिनभर उमस और चुभनवाली गर्मी से लोगों का बुरा हाल रहा। वहीं, रात का तापमान भी बढ़कर 22 डिग्री पार पहुंच गया। मौसम जानकारों की मानें तो गर्मी अभी और उग्र होगी। इससे राहत मिलने की अभी उम्मीद नहीं है। पूरे जिले में भीषण गर्मी, लू और तपिश के चलते आम जनजीवन अस्त व्यस्त रहा। तेज गर्मी की वजह से ज्यादातर लोग अपने घरों में दुबके रहे। गर्मी बढ़ने से इधर पशु-पक्षियों की भी हालत खराब है। रोजमर्रा कामक. ाजी को भी रोजी-रोटी कमाने में दिक्कत हो रही है। इधर भीषण गर्मी पड़ने से शहर में पानी की समस्या गहराने लगी है। बिजली रानी भी लोगों को रुला रही है। लोगों ने प्रशासन से बिजली और पानी को चुस्त-दुरुस्त करने की अपील की है।

# महिलाओं को स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य कर रही ट्रस्ट

**अपेम लाइव : बिरनी**
**सब्बा अहमद**




बिरनी में महिलाओं को स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य कर रही सामाजिक संस्था सुकन्या सामाजिक जन सहयोग फाउंडेशन ट्रस्ट कमेटी के द्वारा आज गिरिडीह के बिरनी प्रखंड के माखमरगो पंचायत के पंचायत भवन में बिरनी प्रखंड प्रभारी मो समीम अंसारी की अध्यक्षता में एक बैठक संपन्न हुआ । बैठक को संबोधित करते हुए संस्था के संस्थापक अमल दास ने सभी पंचायत सदस्यों को बताया की आज हमारे संस्था झारखंड के साथ साथ बिहार एवम उत्तर प्रदेश में भी कार्य कर रही हैं,संस्था के मुख्य उद्देश्य गरीब एवम असहाय लोगों को मदद करना एवम महिलाओं को आत्म निर्भर बनाने हेतु पापड़ मोमबत्ती,अगरवत्ती ,सिलाई ,कढ़ाई ,ब्यूटीशियन ,मशरुम, आदि प्रशिक्षण दिलाया जाता है जिसे महिलाएं आपने आप आत्म निर्भर बन सके । इस बैठक को धनबाद,हजारीबाग, गिरिडीह जिला प्रभारी मो इरफान अंसारी ने भी संस्था के बारे विस्तार पूर्वक जानकारी दिया। बैठक मे पंचायत एसोसिएट खुशबू खातून महबूब अंसारी गंगोत्री देवी रोशन खातून कोरेशा खातून शहनाज खातून सोगरा खातून एवम सभी पंचायत के सदस्य मजूद थे।इसके अलावा नगलो गांव में जो गलत एस्टेटमेंट दिया है उसे साबित करें।

APEM LIVE

APEM LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## नहाय खाय के साथ छठ महापर्व का हुआ शुभारम्भ

**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**



लोक आस्था एवं प्रकृति रक्षा का चार दिवसीय महापर्व चौती छठ मंगलवार को नहाय खाय के साथ आरंभ हो गया। चौत्र नवरात्र के तृतीया के दिन बडी संख्या मे छठ व्रती महिलाओं ने पवित्र नदियों एवं सरोवर में स्नान कर सात्विक तरीके से बने भोजन को ग्रहण किया। व्रति बुधवार को खरना करेंगी और गुरुवार को अस्ताचलगामी व शुक्रवार की सुबह उदयीमान भग. वान सूर्य को अर्घ्य देंगी। गोखुला निवासी आचार्य धु. रंधर तिवारी ने बताया कि स्कन्दपुराण मे वर्णित सूर्यषष्ठी (छठ) पूजा का विशेष महत्व है। उन्होंने बताया भगवान सूर्य से नि. रोग काया के साथ समस्त प्रकृति का रक्षा की कामना इस व्रत में किया जाता है। उन्होंने बताया कि पुराण में ऐसी मान्यता है कि पंचमी के सायंकाल से ही घर में छठी माता का आगमन हो जाता है।
गायत्री शक्तिपीठ में नवरात्र पर कलश स्थापना व पूजन कार्यक्रम उल्लेखनीय है कि छठ पूजा में मुख्य रूप से प्रकृति प्रदत्त समाग्री को ही प्रसाद के रूप में चढ़ाया जाता है जैसे ईख-अदरख, मूली, कच्ची हल्दी अरवी सुथनी बोड़ी गागल नीम्बू, पान, सुपारी, लौंग, इलायची के साथ केला नारियल सिंघाड़ा एवं अन्य ऋतुफल आदि शामिल होते है। साथ ही इस व्रत में आटे और गुड़ और शुद्ध देशी घी के मिश्रण से तैयार ठेकुआ को चढाने का विशेष परंपरा है। इस पर्व की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इस पर्व में डूबते हुए सूर्य को भी अर्घ्य दिया जाता है।

## नहाय खाय के साथ चैती छठ महापर्व शुरु

**अपेम लाइव : गिरिडीह/ टाउन**
**आदित्य पांडेय**



आज गिरिडीह में मंगलवार को नहाय खाय के साथ चार दिवसीय महापर्व चैती छठ का शुरुआत हुई। लोकआस्था का महापर्व चैती छठ के नहाय खाय दिन व्रतियों ने अपने घर और आस पास की साफ सफाई कर स्नान कर सूर्य भगवान को कद्दू भात अर्पण कर स्वयं ग्रहण किया। बुधवार को खरना मनाई जाएगी इसके बाद व्रतियों का 36घंटे का उपवास शुरु हो जायेगा। गुरुवार को अस्तलगामी सूर्य को जलाशयों के पास अर्घ्य दिया जाएगा और शुक्रवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देकर चौती छठ पर्व का समापन किया जाएगा। आज चैती छठ पर्व को लेकर बाजार में खरीददारों की अच्छी खासी भीड़ देखी गई।

## रामनवमी पर्व को लेकर बक्सपुरा और चारु में शांति समिति की बैठक का हुआ आयोजन

### दोनो समुदाय से दजनो लोग हुए शामिल

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह,**



टॉमी पर्व को लेकर बखतपुरा एवं चारु गांव में शांति समिति की बैठक प्रखंड विकास पदाधिकारी हुलास महतो की अध्यक्षता में संपन्न हुआ संचालन थाना प्रभारी विकास पा. सवान ने की। बैठक में दोनों समुदाय से सैकड़ों लोग शामिल हुए समिति में उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए वीडिवो हुलास महतो ने कहा कि रामनवमी पर्व केवल 1 हिंदुओं के लिए नहीं बल्कि हर भारत वासियों के लिए है इस त्यौहार को दोनों समुदाय शांति व सौहार्द से मनाएं किसी प्रकार के शांति भंग करने वाले पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी उन्होंने कहा कि जब श्री रामचंद्र जी की जन्म हुई तो थी तो यह पूरे भारत के लिए गर्व की बात था लेकिन आज जितने भी धार्मिक पर्व त्यौहार होता है उसे जाती पाती और समुदायों में ना बातें वहीं थाना प्रभारी विकास पासवान ने कहां की धार्मिक सौहार्द को बिगाड़ने वाले पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी रामनवमी त्योहार पर शराब बनाने वाले को भी पुलिस नहीं बक्शे भी उन्होंने कहा कि रामनवमी त्योहार शांति से मनाने के लिए पुलिसगिरी संकल्पित है यदि इस त्यौहार में कोई सोशल मीडिया या अन्य मीडिया के माध्यम से अफवाह फैलाते हैं तो उन पर कार. 'वाई की जाएगी बैठक में रामावतार सिंह रियासत अंसारी नासिर राजेंद्र राम एवं दोनों समुदाय से सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## अमरजीत कुमार सिंह बने बिरनी थाना प्रभारी

**अपेम लाइव : बिरनी**
**सब्बा अहमद**



मंगलवार को अमरजीत सिंह ने थाना प्रभारी के तौर पर अपना योगदान दिया। 2018 सीमित परीक्षा बैच के अमरजीत सिंह गिरीडीह टाउन , सरिया एवं जमुआ में एसआई रह चुके हैं। इससे पहले वह जमुआ में एसआई पद पर नियुक्त थे। एसआई मुकेश दयाल सिंह ने थाना प्रभारी अमरजीत सिंह को बुके देकर स्वागत किया । थाना प्रभारी ने कहा कि बिरनी थाना क्षेत्र में शांति और विधि-व्यवस्था बनाए रखना हमारा प्राथमिकता है।

## राजू श्रीवास्तव बने चित्रांश सहायता संघ के जिलाध्यक्ष

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**


राजू श्रीवास्तव

विष्णुगढ़ निवासी समाजसेवी राजू श्रीवास्तव को चित्रांश सहायता संघ का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। इसे लेकर प्रखंड के चित्रांश परिवारों ने राजू श्रीवास्तव को बधाई दी है। नवमनोनीत जिलाध्यक्ष ने कहा कि चित्रांश सहायता संघ ने जो जिम्मेवारी दी है, उसे पूरी तन्मयता से पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि संघ का उद्देश्य सभी चित्रांश परिवारों को एकजुट करना, परेशान चित्रांश बंधुओं की मदद करना, बेरोजगार बंधुओं को रोजगार प्रदान करना, निर्धन परिवारों को सहायता उपलब्ध कराना, आर्थिक तंगी से गुजर रहे परिवार की बेटियों के विवाह की व्यवस्था करना, अराजक तत्वों द्वारा हो रहे अत्याचारों के लिए न्याय की लड़ाई तथा कायस्थ समाज के प्रत्येक घर में स्थापित मंदिर निर्माण एवं जीर्णोदार कराकर प्रत्येक गुरुवार को उनकी पूजा अर्चना कराने के लिए प्रेरित करना है। कहा कि संघ द्वारा प्राप्त इन सभी दायित्वों को चित्रांश बंधुओं की मदद से पूर्ण करने का काम किया जाएगा।

## लू के थपेड़ों के बीच सुबह घने कोहरे की चादर से लिपटा विष्णुगढ़

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**


विष्णुगढ़ में मंगलवार की सुबह छाया घना कोहरा

विष्णुगढ़ में मंगलवार को अभूतपूर्व नजारा देखने को मिला। दिन भर भीषण गरमी और लू के बीच सुबह पूरा विष्णुगढ़ इलाका घने कोहरे की चादर में लिपटा रहा। दिन में लगभग 40 डिग्री सेल्सियस तापमान और सुबह में घना कोहरा देखकर लोग आश्चर्य में पड़ गए। पौ फटते हीं जब लोग सोकर उठे तो घने कोहरे से सामना हुआ। हालांकि सात बजे के बाद सूरज के निकलते हीं कोहरे के बादल छंटने लगे। अमूमन सर्दी के मौसम में कोहरा देखने को मिलता है, पर गरमी के मौसम में कोहरा लोगों को हैरान करने वाला था। बुजुर्ग जगदीश प्रसाद ने बताया कि गरमी में मौसम में पहली बार कोहरा देखने को मिला। कहा कि पहले इस तरह का कभी नहीं देखा गया है। यह मौसम में आए बदलाव की वजह से हुआ है। कहा कि मार्च-अप्रैल के महीने में पहले इतनी गरमी नहीं पड़ती थी। इस साल गरमी ने समय से पहले दस्तक दे दी है। यह अच्छा संकेत नहीं है। दिन भर लू के थपेड़े और रात में मौसम का अचानक सर्द हो जाना स्वास्थ्य को भी प्रभावित करने वाला है। इससे बीमारियों में इजाफा होगा।







डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित एडिटरः सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार